# सीएसआईआर-भारतीय समवेत औषध संस्थान
# CSIR-Indian Institute of Integrative Medicine
**(वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद)**
(Council of Scientific & Industrial Research)
**नहर मार्ग, जम्मू, जम्मू व कश्मीर (कें.शा.प्र.)** – 180001
Canal Road, Jammu, Jammu & Kashmir (U.T.) - 180001


## विज्ञापन सं. 01R/2026 दिनांक 14-05-2026

**"सीएसआईआर-आईआईआईएम ऐसे कार्यबल के गठन हेतु प्रयासरत है जो लैंगिक संतुलन को प्रतिबिंबित करता हो तथा महिला अभ्यर्थियों को आवेदन करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।"**

| | |
|---|---|
| **ऑनलाइन आवेदन प्रारम्भ होने की तिथि** | 21-05-2026 (प्रातः10:00 बजे से) |
| **ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि** | 19-06-2026 (सायं 09:59 बजे तक) |

सीएसआईआर-भारतीय समवेत औषद संस्थान (सीएसआईआर-आईआईआईएम), जम्मू, वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर), जो भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय के अधीन एक स्वायत्त निकाय है, के अंतर्गत एक प्रमुख अनुसंधान एवं विकास संस्थान है। यह संस्थान प्राकृतिक संसाधनों से औषधि खोज को मुख्य केंद्र में रखते हुए उच्च गुणवत्ता वाले अनुसंधान एवं विकास कार्यों में संलग्न है।

यह संस्थान निम्नलिखित विवरणानुसार सुरक्षा सहायक के पद पर भर्ती हेतु **ऑनलाइन** आवेदन आमंत्रित करता है :

**<u>पदों, रिक्तियों, अर्हताओं आदि का विवरण</u>**

| पद कोड | पद का नाम, पदों की संख्या, आरक्षण स्थिति एवं अधिकतम आयु सीमा | वेतन स्तर (7वें सीपीसी के अनुसार) | अनिवार्य अर्हता | वांछनीय अर्हता |
|---|---|---|---|---|
| SA26 | सुरक्षा सहायक<br>01 [अन्य पिछड़ा वर्ग]<br>आयु - 28 वर्ष* | स्तर-6 (₹35,400-1,12,400) | भूतपूर्व सैनिक, सेना अथवा अन्य अर्द्धसैनिक बलों में जेसीओ, जिनके पास सुरक्षा कार्य का पाँच वर्ष का अनुभव हो। # | हिन्दी एवं अंग्रेज़ी में अच्छा मौखिक संप्रेषण कौशल तथा कंप्यूटर, आधुनिक अग्निशमन एवं निगरानी/चौकसी सुरक्षा प्रणालियों का ज्ञान सहित लिखित संप्रेषण कौशल। |

* *आयु में छूट से संबंधित विवरण हेतु कृपया 'आयु सीमा तथा अधिकतम आयु सीमा में छूट' स्तंभ देखें।*

*#सशस्त्र बलों में जेसीओ के रैंक एवं समतुल्य वेतन स्तर तथा सशस्त्र बलों एवं अर्द्धसैनिक बलों के मध्य रैंक समकक्षता का विवरण **<u>परिशिष्ट-'क'</u>** में संलग्न है।*

**<u>कार्य दायित्व</u>**

संस्थान परिसर की दैनिक सुरक्षा व्यवस्था, आधारभूत संरचना, संसाधनों एवं परिसंपत्तियों की सुरक्षा सुनिश्चित करना, जिसमें कार्यालय परिसर, अतिथि गृह, स्टाफ क्वार्टर, स्थापना आदि सहित सीएसआईआर-आईआईआईएम, जम्मू परिसर तथा इसके श्रीनगर स्थित शाखा प्रयोगशाला एवं चट्ठा, बोनूरा, यारिखा आदि में स्थित प्रायोगिक फार्मों की सुरक्षा व्यवस्था सम्मिलित है। इसके अतिरिक्त खुफिया एवं सतर्कता संबंधी कार्य, अग्निशमन एवं सुरक्षा मानकों का पालन, परिसंपत्तियों एवं भवनों की सुरक्षा, चौबीसों घंटे निगरानी, संस्थान परिसर में व्यक्तियों एवं सामग्री के आवागमन का विनियमन, स्थानीय पुलिस एवं अन्य प्राधिकरणों से समन्वय, लेखा-परीक्षण, सुरक्षा अनुबंध संबंधी कार्य, नियमित/आउटसोर्स सुरक्षा कर्मियों का पर्यवेक्षण एवं नियंत्रण, अभिलेखों का संधारण तथा सक्षम प्राधिकारी द्वारा समय-समय पर सौंपे गए अन्य कार्यों का निर्वहन करना होगा।

**अधिकतम आयु सीमा, अर्हता एवं/अथवा अनुभव निर्धारित करने हेतु निर्णायक तिथि ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि अर्थात् 19-06-2026 होगी।**

**I. <u>परिषद सेवा के अंतर्गत लाभ</u>**

1. उक्त पद पर महँगाई भत्ता (डीए), मकान किराया भत्ता (एचआरए), परिवहन भत्ता (टीए) आदि सहित वे समस्त सामान्य भत्ते देय होंगे, जो केंद्र सरकार के कर्मचारियों को अनुमन्य हैं तथा सीएसआईआर में लागू हैं। परिषद के कर्मचारी "सीएसआईआर

आवास आवंटन नियमों" के अनुसार उपलब्धता के अधीन पात्रता अनुसार आवास सुविधा के भी अधिकारी होंगे, जिस स्थिति में एचआरए देय नहीं होगा। तथापि, चयनित अभ्यर्थी को आवास उपलब्ध कराए जाने पर संस्थान परिसर में निवास करना होगा।

2. उपरोक्त वेतन एवं भत्तों के अतिरिक्त, नवीन पेंशन योजना-2004 की लागूता, चिकित्सा व्यय प्रतिपूर्ति, अवकाश यात्रा रियायत (एलटीसी), बच्चों की शिक्षा भत्ता आदि सुविधाएँ भी सीएसआईआर/भारत सरकार के नियमों के अनुसार, जो परिषद कर्मचारियों पर लागू हैं, उपलब्ध होंगी।

## II. सामान्य जानकारी एवं शर्तें

1. आवेदक भारत का नागरिक होना चाहिए।
2. सभी आवेदकों को **ऑनलाइन** आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि तक विज्ञापन में निर्दिष्ट पद हेतु आवश्यक आयु, अनिवार्य अर्हता, अनुभव तथा अन्य शर्तों को पूर्ण करना अनिवार्य होगा। अभ्यर्थियों को आवेदन करने से पूर्व यह सुनिश्चित कर लेना चाहिए कि वे ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि तक पद हेतु निर्धारित न्यूनतम अनिवार्य अर्हताएँ रखते हों। पात्रता संबंधी परामर्श हेतु किसी भी प्रकार की पूछताछ पर विचार नहीं किया जाएगा।
3. निर्धारित अनिवार्य अर्हताएँ न्यूनतम हैं तथा मात्र इनके धारक होने से अभ्यर्थी को शारीरिक परीक्षण/लिखित परीक्षा अथवा नियुक्ति हेतु बुलाए जाने का अधिकार प्राप्त नहीं होगा। अतः अभ्यर्थी को आवेदन पत्र में न्यूनतम निर्धारित अर्हता से अधिक संबंधित सभी अर्हताओं एवं अनुभवों का उल्लेख आवश्यक दस्तावेजों सहित करना चाहिए।
4. आवेदन पत्र प्रस्तुत करते समय सभी प्रमाणपत्रों, अंकतालिकाओं, अनुभव प्रमाणपत्रों एवं प्रासंगिक शैक्षणिक अर्हताओं तथा अनुभव संबंधी प्रशंसापत्रों की स्कैन प्रतियाँ, जो डिग्री प्रदान करने वाले संस्थानों/संगठनों द्वारा जारी की गई हों, अपलोड करना अनिवार्य होगा। निर्धारित अर्हताएँ मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालयों/संस्थानों से प्राप्त होनी चाहिए।
5. यदि कोई अभ्यर्थी विज्ञापन की अपेक्षा के अनुसार किसी अर्हता को समकक्ष अर्हता के रूप में दावा करता है, तो उसे इस संबंध में सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी आदेश/पत्र की प्रति (संख्या एवं दिनांक सहित) आवेदन के साथ अपलोड करनी होगी, अन्यथा आवेदन निरस्त किया जा सकता है।
6. यदि प्रस्तुत कोई दस्तावेज/प्रमाणपत्र हिन्दी अथवा अंग्रेज़ी के अतिरिक्त किसी अन्य भाषा में हो, तो उसकी राजपत्रित अधिकारी अथवा नोटरी द्वारा सत्यापित प्रतिलिपि अपलोड करनी होगी।
7. अभ्यर्थी को यह सुनिश्चित करना होगा कि वह जिस पद हेतु आवेदन कर रहा/रही है, उसके लिए आवश्यक शैक्षणिक/तकनीकी अर्हता एवं अनुभव ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि तक रखता/रखती हो।
8. सभी अभ्यर्थियों को विज्ञापनानुसार न्यूनतम अनिवार्य शैक्षणिक अर्हता एवं अनुभव होना चाहिए तथा आवेदन में अपनी उच्चतर अर्हताओं का भी उल्लेख करना अनिवार्य होगा।
9. **अभ्यर्थियों को स्टेट बैंक कलेक्ट (SB Collect) के माध्यम से ₹500/- (केवल पाँच सौ रुपये) का अप्रतिदेय आवेदन शुल्क जमा करना होगा।** भूतपूर्व सैनिक श्रेणी, महिला अभ्यर्थियों तथा सीएसआईआर के नियमित कर्मचारियों को आवेदन शुल्क से छूट प्रदान की गई है। अन्य सभी अभ्यर्थियों, जिनमें सेवाकालीन अभ्यर्थी भी सम्मिलित हैं, को ₹500/- (केवल पाँच सौ रुपये) आवेदन शुल्क एसबी कलेक्ट के माध्यम से जमा करना होगा। शुल्क छूट का दावा करने वाले अभ्यर्थियों को संबंधित प्रमाणपत्र अपलोड करना अनिवार्य होगा।
10. दिव्यांगजन/मानक दिव्यांगता वाले व्यक्ति (PwBD) सुरक्षा सहायक के पद हेतु पात्र नहीं हैं, क्योंकि यह कार्य दिव्यांगजन/PwBD अभ्यर्थियों के लिए उपयुक्त नहीं है।
11. उक्त पद भारत सरकार द्वारा अधिसूचित तथा सीएसआईआर द्वारा पत्र संख्या 17/68/2001-E.II दिनांक 23.12.2003 एवं संख्या 5-1(49)/2008-PD दिनांक 18.08.2022 अथवा समय-समय पर संशोधित निर्देशों के अनुसार 01.01.2004 से लागू नवीन पेंशन योजना के अधीन शासित होगा।
12. चयनित अभ्यर्थियों को पदभार ग्रहण करने की तिथि से दो वर्ष की परिवीक्षा अवधि पर रखा जाएगा। सक्षम प्राधिकारी के विवेकानुसार परिवीक्षा अवधि बढ़ाई अथवा घटाई जा सकती है। परिवीक्षा अवधि के सफलतापूर्वक पूर्ण होने पर प्रचलित नियमों के अनुसार पुष्टि पर विचार किया जाएगा।
13. दस्तावेज सत्यापन के समय आवेदन पत्र में दी गई जानकारी एवं मूल दस्तावेजों में किसी प्रकार की विसंगति पाए जाने पर अभ्यर्थी को पद हेतु अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा।
14. **शारीरिक परीक्षण/लिखित परीक्षा हेतु कोई यात्रा भत्ता (TA) देय नहीं होगा।**
15. चयनित अभ्यर्थी की नियुक्ति सीएसआईआर-आईआईआईएम, जम्मू में की जाएगी, तथापि आवश्यकता अनुसार उसे भारत में कहीं भी स्थित सीएसआईआर-आईआईआईएम/सीएसआईआर की किसी भी प्रयोगशाला/संस्थान/केंद्र/फील्ड स्टेशन में स्थानांतरित किया जा सकता है। पात्रता, आवेदन की स्वीकृति अथवा अस्वीकृति, चयन की प्रक्रिया, परीक्षा/शारीरिक परीक्षण/लिखित परीक्षा के संचालन, परीक्षा केंद्र निर्धारण तथा पद को भरा जाए अथवा न भरा जाए, इन सभी विषयों में निदेशक,

सीएसआईआर-आईआईआईएम, जम्मू का निर्णय अंतिम एवं अभ्यर्थियों पर बाध्यकारी होगा तथा इस संबंध में किसी भी प्रकार की अंतरिम पूछताछ अथवा पत्राचार पर विचार नहीं किया जाएगा।

## III. आयु सीमा तथा अधिकतम आयु सीमा में छूट

1. चूँकि यह पद अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी-एनसीएल) श्रेणी हेतु आरक्षित है, अतः आवेदक की अधिकतम आयु **31 वर्ष** होगी। अधिकतम आयु सीमा का निर्धारण ऑनलाइन आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि के अनुसार किया जाएगा।
2. आयु सीमा में छूट केवल भूतपूर्व सैनिक (Ex-servicemen) श्रेणी के उन अभ्यर्थियों को देय होगी, जिन्हें समय-समय पर संशोधित "भूतपूर्व सैनिक (केंद्रीय सिविल सेवाओं एवं पदों में पुनर्नियोजन) नियम" के नियम 2(ग) के अंतर्गत परिभाषित किया गया है। यह छूट सशस्त्र बलों के सेवारत कर्मियों (उन कर्मियों को छोड़कर जिन्हें पेंशन अर्जित करने के पश्चात् नियोक्ता द्वारा सेवा-मुक्त किया जा रहा हो) तथा अर्द्धसैनिक बलों के कर्मियों पर लागू नहीं होगी। भूतपूर्व सैनिक अभ्यर्थियों को ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करते समय अपना डिस्चार्ज प्रमाणपत्र अपलोड करना होगा। **भूतपूर्व सैनिक अभ्यर्थियों हेतु अधिकतम आयु सीमा में छूट, ऑनलाइन आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि को वास्तविक आयु से प्रदत्त सैन्य सेवा अवधि घटाने के पश्चात् अधिकतम 03 वर्ष तक अनुमन्य होगी।**
3. भारत सरकार के प्रावधानों के अनुसार, विधवा, तलाकशुदा महिलाएँ तथा न्यायालय द्वारा पति से पृथक की गई ऐसी महिलाएँ जिन्होंने पुनर्विवाह नहीं किया है, उनके लिए अधिकतम आयु सीमा 35 वर्ष तक होगी। इस उपबंध के अंतर्गत आयु छूट का दावा करने वाले अभ्यर्थियों को निम्नलिखित दस्तावेज प्रस्तुत करने होंगे :
   - क. विधवा के मामले में, पति का मृत्यु प्रमाणपत्र तथा इस आशय का शपथपत्र कि उन्होंने पुनर्विवाह नहीं किया है।
   - ख. तलाकशुदा महिलाओं तथा न्यायालय द्वारा पति से पृथक की गई महिलाओं के मामले में, तलाक अथवा न्यायिक पृथक्करण सिद्ध करने हेतु सक्षम न्यायालय के निर्णय/डिक्री की सत्यापित प्रति तथा तलाकशुदा महिलाओं के मामले में इस आशय का शपथपत्र कि उन्होंने पुनर्विवाह नहीं किया है।
4. अभ्यर्थी यह भी ध्यान रखें कि संबंधित दस्तावेजों की सत्यता संस्थान द्वारा सत्यापित किए जाने तक उनकी अभ्यर्थिता अस्थायी मानी जाएगी। अभ्यर्थियों को सावधान किया जाता है कि यदि वे धोखाधड़ीपूर्वक ओबीसी (एनसीएल)/भूतपूर्व सैनिक श्रेणी का दावा करते हैं अथवा किसी अन्य लाभ का अनुचित उपयोग करते पाए जाते हैं, तो उनके विरुद्ध उपयुक्त कार्रवाई की जाएगी।
5. आयु सीमा में छूट का दावा करने वाले ओबीसी (एनसीएल)/भूतपूर्व सैनिक अभ्यर्थियों को, यथास्थिति, केंद्र सरकार के अधीन पदों पर नियुक्ति हेतु मान्य निर्धारित प्रारूप में सक्षम प्राधिकारी द्वारा हस्ताक्षरित प्रमाणपत्र **(परिशिष्ट-'ग'/डिस्चार्ज बुक)** की प्रति अपलोड करनी होगी। इसके अतिरिक्त, ओबीसी (एनसीएल) अभ्यर्थियों को **परिशिष्ट-'घ'** के अनुसार घोषणा-पत्र भी प्रस्तुत करना होगा।
6. ऑनलाइन आवेदन पत्र में अभ्यर्थी द्वारा अंकित जन्मतिथि तथा मैट्रिकुलेशन/माध्यमिक परीक्षा प्रमाणपत्र में अभिलिखित जन्मतिथि को ही संस्थान द्वारा आयु निर्धारण हेतु मान्य माना जाएगा तथा इसमें परिवर्तन संबंधी किसी भी अनुरोध पर बाद में विचार नहीं किया जाएगा। जन्मतिथि के समर्थन में हाई स्कूल/हायर सेकेंडरी/माध्यमिक विद्यालय प्रमाणपत्र अथवा जन्म पंजीयन अभिलेख की प्रति प्रस्तुत करनी होगी।

## IV. परीक्षा योजना, पाठ्यक्रम एवं अंकों का विभाजन

1. सुरक्षा सहायक पद हेतु परीक्षा की विधि एवं योजना **परिशिष्ट-'ख'** में संलग्न है।
2. निर्धारित अनिवार्य अर्हताएँ न्यूनतम हैं। केवल न्यूनतम/अनिवार्य अर्हता एवं अनुभव पूर्ण कर लेने मात्र से किसी अभ्यर्थी को शारीरिक परीक्षण/व्यक्तित्व मूल्यांकन परीक्षण/लिखित परीक्षा हेतु बुलाए जाने का कोई अधिकार प्राप्त नहीं होगा। सक्षम प्राधिकारी द्वारा प्राप्त आवेदनों की जाँच कर शारीरिक परीक्षण एवं व्यक्तित्व मूल्यांकन परीक्षण हेतु अभ्यर्थियों की प्रारंभिक छंटनी की जाएगी। अतःअभ्यर्थियों को अपने आवेदन पत्र में निर्धारित न्यूनतम/अनिवार्य अर्हताओं से अधिक संबंधित सभी अर्हताओं एवं अनुभवों का उल्लेख आवश्यक प्रमाणपत्रों/दस्तावेजों सहित करना चाहिए। संस्थान को यह अधिकार सुरक्षित रहेगा कि वह केवल उन्हीं अभ्यर्थियों को शारीरिक परीक्षण, व्यक्तित्व मूल्यांकन परीक्षण एवं लिखित परीक्षा हेतु आमंत्रित करे, जिन्हें उसके मतानुसार उपयुक्त माना जाए। इस संबंध में ई-मेल, दूरभाष अथवा किसी अन्य माध्यम से किया गया कोई पत्राचार स्वीकार नहीं किया जाएगा।
3. यदि आवेदनों की संख्या अधिक होती है, तो सीएसआईआर-आईआईआईएम शारीरिक परीक्षण/लिखित परीक्षा हेतु अभ्यर्थियों की संख्या को युक्तिसंगत सीमा तक सीमित करने के लिए निम्नलिखित में से किसी एक अथवा अधिक विधियों द्वारा प्रारंभिक छंटनी कर सकता है :
   - I. विज्ञापन में निर्धारित न्यूनतम अनिवार्य अर्हता पूर्ण करने के उपरांत उससे उच्चतर शैक्षणिक अर्हताओं के आधार पर।
   - II. शैक्षणिक अर्हताओं में प्राप्त अंकों के आधार पर।
   - III. अनुभव एवं/अथवा वेतन स्तर के आधार पर।

IV. सीएसआईआर-आईआईआईएम द्वारा उपयुक्त समझी जाने वाली किसी अन्य पद्धति के आधार पर।

4. आवेदनों की प्रारंभिक जाँच ऑनलाइन आवेदन पोर्टल पर अभ्यर्थियों द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों एवं सूचनाओं के आधार पर की जाएगी। यदि किसी भी बाद की तिथि पर यह पाया जाता है कि अभ्यर्थी पात्रता मानदंडों को पूर्ण नहीं करता/करती है, तो उसकी अभ्यर्थिता बिना कोई कारण बताए निरस्त कर दी जाएगी।
5. प्रारंभिक छंटनी के उपरांत अनुशंसित अभ्यर्थियों को, यथास्थिति, शारीरिक परीक्षण/लिखित परीक्षा हेतु आमंत्रित किया जाएगा। परीक्षणों के आयोजन का क्रम/अनुक्रम पृथक रूप से अधिसूचित किया जाएगा।
6. सभी परीक्षण जम्मू में आयोजित किए जाएंगे।

## V. समान अंक प्राप्त होने की स्थिति का निस्तारण

यदि मेरिट सूची में अभ्यर्थियों के मध्य समान अंक (टाई) की स्थिति उत्पन्न होती है, तो उसका निस्तारण निम्नलिखित वरीयता क्रम (आरोही क्रम) के अनुसार किया जाएगा, जब तक कि टाई समाप्त न हो जाए :

क. संबंधित विषय/ट्रेड के प्रश्नपत्रों में अधिक अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थी को उच्च स्थान दिया जाएगा।

ख. यदि लागू हो, तो संबंधित विषय/ट्रेड के लिखित परीक्षा प्रश्नपत्रों में कम ऋणात्मक अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थी को उच्च स्थान दिया जाएगा।

ग. यदि लागू हो, तो लिखित परीक्षा के उन प्रश्नपत्रों में (जिन्हें मेरिट सूची तैयार करने हेतु विचार में लिया गया हो) कम ऋणात्मक अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थी को उच्च स्थान दिया जाएगा।

घ. अधिक आयु वाले अभ्यर्थी को उच्च स्थान दिया जाएगा।

ङ. अनिवार्य डिग्री पूर्व में प्राप्त करने वाले अभ्यर्थी को उच्च स्थान दिया जाएगा।

च. अभ्यर्थियों के प्रथम नाम के वर्णानुक्रम के आधार पर वरीयता निर्धारित की जाएगी।

## VI. आवेदन करने की प्रक्रिया

1. पात्र अभ्यर्थियों को **संस्थान की वेबसाइट** www.iiim.res.in **के माध्यम से केवल ऑनलाइन आवेदन करना होगा। आवेदन का कोई अन्य माध्यम स्वीकार नहीं किया जाएगा।** ऑनलाइन आवेदन का लिंक सीएसआईआर-आईआईआईएम की वेबसाइट https://iiim.res.in/permanent-position/ पर निर्धारित कार्यक्रमानुसार उपलब्ध रहेगा।
2. अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे आवेदन भरने से पूर्व विज्ञापन एवं निर्देशों को सावधानीपूर्वक पढ़ लें। एक बार प्रस्तुत किया गया आवेदन वापस लेने की अनुमति नहीं होगी तथा जमा किया गया शुल्क किसी भी स्थिति में वापस नहीं किया जाएगा और न ही उसे किसी अन्य भर्ती अथवा चयन प्रक्रिया हेतु सुरक्षित रखा जाएगा।
3. अभ्यर्थी को ऑनलाइन आवेदन पत्र में उपलब्ध एसबी कलेक्ट (SB Collect) लिंक के माध्यम से ₹500/- (जहाँ लागू हो) आवेदन शुल्क जमा करना होगा तथा ऑनलाइन आवेदन के निर्धारित कॉलम में लेन-देन का विवरण भरना होगा। किसी अन्य माध्यम से जमा किया गया आवेदन शुल्क स्वीकार नहीं किया जाएगा तथा ऐसे आवेदन शुल्करहित मानकर निरस्त कर दिए जाएंगे।
4. अभ्यर्थियों को ऑनलाइन आवेदन में निर्धारित स्थान पर अपना नवीनतम पासपोर्ट आकार का **स्कैन किया हुआ फोटो एवं हस्ताक्षर** अपलोड करना होगा। फोटो एवं हस्ताक्षर **केवल JPG/JPEG प्रारूप में तथा 50 KB से कम** आकार में होने चाहिए।
5. ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करने के पश्चात् अभ्यर्थियों को उसका प्रिंट/डाउनलोड अपने पास सुरक्षित रखना होगा, क्योंकि अंतिम तिथि के पश्चात् आवेदन डाउनलोड करने की सुविधा उपलब्ध नहीं होगी। **अभ्यर्थियों को आवेदन की मुद्रित प्रति एवं संलग्नकों की प्रति अपने अभिलेख हेतु सुरक्षित रखनी होगी तथा आवश्यकता पड़ने पर कार्यालय में प्रस्तुत करनी होगी। अभ्यर्थियों को आवेदन की हार्ड कॉपी सीएसआईआर-आईआईआईएम को भेजने की आवश्यकता नहीं है।**
6. **अभ्यर्थियों को शारीरिक परीक्षण/लिखित परीक्षा/दस्तावेज सत्यापन के समय आवेदन पत्र की हार्ड कॉपी साथ लानी होगी।**
7. अभ्यर्थियों को अपने अंक प्रतिशत के रूप में दर्शाने होंगे। जिन विश्वविद्यालयों/संस्थानों द्वारा CGPA/SGPA/OGPA आदि प्रदान किए जाते हैं, उनके अभ्यर्थियों को अपने विश्वविद्यालय/संस्थान द्वारा निर्धारित सूत्र के अनुसार उसे प्रतिशत में परिवर्तित करना होगा तथा इस संबंध में सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी रूपांतरण प्रमाणपत्र अपलोड करना होगा।
8. एक बार प्रस्तुत किया गया आवेदन वापस लेने की अनुमति नहीं होगी तथा जमा किया गया शुल्क किसी भी परिस्थिति में वापस नहीं किया जाएगा और न ही उसे किसी अन्य भर्ती अथवा चयन प्रक्रिया हेतु सुरक्षित रखा जाएगा।
9. अभ्यर्थियों को ऑनलाइन आवेदन में यह विवरण देना होगा कि यदि उनका कोई संबंधी सीएसआईआर में कार्यरत है, तो उसका नाम, पदनाम, संबंधित सीएसआईआर प्रयोगशाला का नाम एवं अभ्यर्थी से संबंध क्या है।
10. सरकारी विभागों के कर्मचारियों के आवेदन तभी विचारार्थ स्वीकार किए जाएंगे जब उन्होंने अपने नियोक्ता से प्राप्त **अनापत्ति प्रमाणपत्र** (NOC) अपलोड किया हो। अन्यथा उन्हें किसी भी परीक्षण में सम्मिलित होने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

11. अभ्यर्थियों को पृथक से कोई व्यक्तिगत सूचना/सूचनापत्र नहीं भेजा जाएगा। अतःअभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे नियमित रूप से संस्थान की वेबसाइट देखते रहें।
12. अभ्यर्थियों को पृथक से प्रवेश पत्र डाक द्वारा नहीं भेजे जाएंगे। सभी सूचनाएँ एवं संचार, जैसे प्रारंभिक रूप से चयनित/छंटनी किए गए अभ्यर्थियों की सूची, शारीरिक परीक्षण/लिखित परीक्षा की तिथि, परीक्षा तिथि में परिवर्तन, परीक्षा स्थल, चयन एवं परिणाम आदि सीएसआईआर-आईआईआईएम की वेबसाइट पर प्रदर्शित किए जाएंगे। अतः नवीनतम जानकारी हेतु अभ्यर्थियों को संस्थान की वेबसाईट www.iiim.res.in नियमित रूप से देखने की सलाह दी जाती है।
13. परीक्षा कार्यक्रम, परीक्षा केंद्र, प्रवेश पत्र जारी करने, कट-ऑफ अंकों में परिवर्तन, परीक्षा केंद्र अथवा तिथि परिवर्तन, परीक्षा पद्धति में परिवर्तन आदि से संबंधित किसी भी प्रकार की पूछताछ ई-मेल, दूरभाष अथवा किसी अन्य माध्यम से स्वीकार/विचारित नहीं की जाएगी।
14. निदेशक, सीएसआईआर-आईआईआईएम को आवश्यकता पड़ने पर उपर्युक्त किसी भी प्रावधान में शिथिलता प्रदान करने अथवा किसी एक या सभी पदों को न भरने का अधिकार सुरक्षित रहेगा। निदेशक, सीएसआईआर-आईआईआईएम, जम्मू का निर्णय सभी मामलों में अंतिम एवं अभ्यर्थियों पर बाध्यकारी होगा तथा इस संबंध में कोई अभ्यावेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।
15. किसी भी प्रकार की पैरवी अथवा राजनीतिक या अन्य किसी प्रकार का प्रभाव डालने का प्रयास अभ्यर्थी की अयोग्यता माना जाएगा।

**ऑनलाइन आवेदन पत्र भरते समय अभ्यर्थियों को निम्नलिखित मूल दस्तावेजों की स्कैन प्रतियाँ अपलोड करना अनिवार्य होगा, अन्यथा उनकी अभ्यर्थिता निरस्त कर दी जाएगी :**

क) जन्मतिथि प्रमाण हेतु जन्मतिथि प्रमाणपत्र/10वीं/एसएससी प्रमाणपत्र।
ख) भूतपूर्व सैनिक प्रमाणपत्र/डिस्चार्ज बुक।
ग) अनुभव/सेवा प्रमाणपत्र, जिसमें सेवा अवधि तथा वेतनमान एवं वेतन स्तर का विवरण अंकित हो।
घ) वैध पहचान प्रमाण (आधार कार्ड/पैन कार्ड/मतदाता पहचान पत्र/ड्राइविंग लाइसेंस आदि)।
ङ) वर्तमान नियोक्ता से अनापत्ति प्रमाणपत्र (यदि लागू हो)।
च) शैक्षणिक प्रमाणपत्र एवं अंकतालिकाएँ।
छ) भारत सरकार के निर्धारित प्रारूप में सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी वैध जाति/श्रेणी प्रमाणपत्र।
ज) स्टेट बैंक कलेक्ट शुल्क रसीद (जहाँ लागू हो)।
झ) कोई अन्य प्रासंगिक प्रमाणपत्र/दस्तावेज।

**आवेदनों की प्रारंभिक जाँच केवल अभ्यर्थियों द्वारा ऑनलाइन आवेदन पोर्टल पर उपलब्ध कराई गई जानकारी एवं अपलोड किए गए दस्तावेजों के आधार पर की जाएगी। आवेदन प्रस्तुत करने के पश्चात् किसी भी सूचना अथवा दस्तावेज को जोड़ने, संशोधित करने अथवा पुनःप्रस्तुत करने का कोई अनुरोध किसी भी परिस्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा।**

ऑनलाइन पंजीकरण/आवेदन प्रस्तुत करने में किसी प्रकार की कठिनाई होने पर अभ्यर्थी rectt.assmt.iiim@csir.res.in पर ई-मेल कर सकते हैं। अंतिम समय की भीड़ से बचने हेतु अभ्यर्थियों को यथाशीघ्र ऑनलाइन आवेदन करने की सलाह दी जाती है। इस भर्ती प्रक्रिया से संबंधित सभी आगामी घोषणाएँ/विवरण/संशोधन/परिशिष्ट आदि समय-समय पर केवल सीएसआईआर-आईआईआईएम की आधिकारिक वेबसाइट www.iiim.res.in पर प्रकाशित किए जाएंगे।

**किसी भी प्रकार की अंतरिम पूछताछ अथवा पत्राचार स्वीकार नहीं किया जाएगा।**

अभ्यर्थी ध्यान दें कि उन्हें केवल ऑनलाइन आवेदन संबंधित दस्तावेजों सहित प्रस्तुत करना है, आवेदन की प्रति अंतिम तिथि से पूर्व डाउनलोड कर अपने पास सुरक्षित रखनी है तथा शारीरिक परीक्षण/लिखित परीक्षा के समय साथ लानी है। ऐसा न करने पर उन्हें शारीरिक परीक्षण/लिखित परीक्षा में सम्मिलित होने की अनुमति नहीं दी जाएगी। अभ्यर्थियों को आवेदन की हार्ड कॉपी सीएसआईआर-आईआईआईएम, जम्मू को भेजने की आवश्यकता नहीं है।

**टिप्पणी** 1: अपलोड किए गए दस्तावेज/प्रमाणपत्र स्पष्ट एवं पठनीय होने चाहिए।

**टिप्पणी** 2: आवश्यक दस्तावेजों के बिना प्रस्तुत आवेदन अपूर्ण माने जाएंगे तथा उन्हें बिना किसी सूचना के निरस्त कर दिया जाएगा।

**टिप्पणी** 3: अभ्यर्थियों को उपयुक्त समय पर मूल दस्तावेजों के साथ उनकी स्वप्रमाणित प्रतियाँ प्रस्तुत करने हेतु कहा जाएगा।

**टिप्पणी 4**: पात्रता, आवेदन की स्वीकृति अथवा अस्वीकृति, चयन की प्रक्रिया तथा परीक्षा/संगोष्ठी/साक्षात्कार/परीक्षण के संचालन से संबंधित सभी मामलों में नियुक्ति प्राधिकारी का निर्णय अंतिम एवं अभ्यर्थियों पर बाध्यकारी होगा।

**टिप्पणी 5**: आवेदन पत्र अथवा किसी भी दस्तावेज की हार्ड कॉपी सीएसआईआर-आईआईआईएम को भेजना आवश्यक नहीं है। आवेदन केवल ऑनलाइन माध्यम से ही स्वीकार किए जाएंगे। अभ्यर्थियों को भविष्य के संदर्भ हेतु आवेदन पत्र की मुद्रित प्रति सुरक्षित रखनी होगी।

**<u>अस्वीकरण</u>**

चयन प्रक्रिया के किसी भी चरण में यदि किसी अभ्यर्थी द्वारा गलत जानकारी प्रदान करना अथवा प्रक्रिया का उल्लंघन करना पाया जाता है, तो उसे चयन प्रक्रिया से अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा तथा भविष्य में आयोजित किसी भी भर्ती प्रक्रिया में सम्मिलित होने की अनुमति नहीं दी जाएगी। यदि ऐसी स्थिति वर्तमान चयन प्रक्रिया के दौरान ज्ञात न हो और बाद में पता चले, तो यह अयोग्यता पूर्व प्रभाव से लागू होगी। भर्ती प्रक्रिया से संबंधित सीएसआईआर-आईआईआईएम द्वारा दिए गए अथवा दिए जाने वाले स्पष्टीकरण/निर्णय अंतिम एवं बाध्यकारी होंगे।

**हिन्दी और अंग्रेजी संस्करण के बीच किसी भी विसंगति की स्तिथि में अंग्रेजी संस्करण मान्य होगा।**

**अभ्यर्थियों की अभ्यर्थिता मूल दस्तावेजों के सत्यापन के अधीन पूर्णतःअस्थायी रहेगी। यदि किसी भी चरण पर प्रस्तुत जानकारी असत्य अथवा गलत पाई जाती है, तो अभ्यर्थिता बिना कोई कारण बताए तत्काल निरस्त कर दी जाएगी तथा मिथ्या प्रमाणपत्र प्रस्तुत करने के संबंध में दंड संहिता के प्रासंगिक प्रावधानों के अंतर्गत आवश्यक कार्रवाई भी की जा सकती है। इसके अतिरिक्त, यदि किसी भी चरण पर, चयन के पश्चात् भी, यह पाया जाता है कि अभ्यर्थी विज्ञापन एवं/अथवा बाद में जारी किसी अधिसूचना/संशोधन में निर्धारित पात्रता शर्तों अथवा अन्य नियमों को पूर्ण नहीं करता/करती है, तो उसकी अभ्यर्थिता तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दी जाएगी।**

*हस्ता/-*
**प्रशासन नियंत्रक**

सीएसआईआर-आईआईआईएम CSIR INDIA CSIR-IIIM

## सशस्त्र बलों में जेसीओ के रैंक एवं समतुल्य वेतन स्तर

| क्रम सं. | सेना | नौसेना | वायु सेना | रक्षा वेतन मैट्रिक्स में वेतन स्तर |
|---|---|---|---|---|
| i. | नायब सूबेदार | चीफ पेट्टी ऑफिसर | जूनियर वॉरन्ट ऑफिसर | 6 |
| ii. | सूबेदार | मास्टर चीफ पेट्टी ऑफिसर-II | वॉरन्ट ऑफिसर | 7 |
| iii. | सूबेदार मेजर | मास्टर चीफ पेट्टी ऑफिसर-I | मास्टर वॉरन्ट ऑफिसर | 8 |
| iv. | मानद लेफ्टिनेंट | मानद सेकंड लेफ्टिनेंट | मानद फ्लाइंग ऑफिसर | 10 |
| v. | मानद कैप्टन | मानद लेफ्टिनेंट | मानद फ्लाइट लेफ्टिनेंट | 10B |

## सशस्त्र बलों एवं अर्द्धसैनिक बलों के मध्य रैंक समकक्षता

| क्रम सं. | सेना | वेतनमान | बीएसएफ़/आईटीबीपी | वेतनमान |
|---|---|---|---|---|
| i. | नायब सूबेदार | ₹35400/-<br>(पे मैट्रिक्स स्तर 6) | सब इन्स्पेक्टर | ₹35400/-<br>(पे मैट्रिक्स स्तर 6) |
| ii. | सूबेदार | ₹44900/-<br>(पे मैट्रिक्स स्तर 7) | इन्स्पेक्टर | ₹44900/-<br>(पे मैट्रिक्स स्तर 7) |
| iii. | सूबेदार मेजर | ₹47600/-<br>(पे मैट्रिक्स स्तर 8) | सूबेदार मेजर | ₹47600/-<br>(पे मैट्रिक्स स्तर 8) |

(i) पे मैट्रिक्स के स्तर-6 में सब-इन्स्पेक्टर के पद पर कार्यरत अर्द्धसैनिक बल के कर्मियों को सेना के नायब सूबेदार के समकक्ष माना जाएगा;

(ii) पे मैट्रिक्स के स्तर-7 में इन्स्पेक्टर के पद पर कार्यरत अर्द्धसैनिक बल के कर्मियों को सेना के सूबेदार के समकक्ष माना जाएगा;

**टिप्पणी :** संबंधित व्यक्ति को वही वेतन स्तर-6 अथवा स्तर-7, यथास्थिति, मान्य होगा जो उसके द्वारा धारित मूल पद पर देय हो, न कि एमएसीपीएस (MACPS) आदि वित्तीय उन्नयन के अंतर्गत प्रदान किया गया वेतन स्तर।

## सुरक्षा सहायक पद हेतु कौशल/शारीरिक एवं व्यक्तित्व मूल्यांकन परीक्षण तथा प्रतिस्पर्धी लिखित परीक्षा की योजना

### क) चरण-I : कौशल/शारीरिक एवं व्यक्तित्व मूल्यांकन परीक्षण

i. **शारीरिक मानदंड**

| श्रेणी | न्यूनतम ऊँचाई (कद) आवश्यकता | | न्यूनतम छाती माप आवश्यकता (पुरुष हेतु) | |
|---|---|---|---|---|
| | पुरुष | महिला | सामान्य स्थिति | फुलाव (साँस भरने पर) |
| सामान्य | 167 cms | 157 cms | 80 cms | 85 cms |
| पर्वतीय क्षेत्र# | 165 cms | 155 cms | 80 cms | 85 cms |
| अनुसूचित जनजाति (एसटी) | 162.5 cms | 154 cms | 77 cms | 82 cms |

*#गढ़वाल, कुमाऊँ, हिमाचल प्रदेश, गोरखा, डोगरा, मराठा, कश्मीर घाटी, लेह एवं लद्दाख क्षेत्र, उत्तर-पूर्वी राज्यों तथा सिक्किम के पर्वतीय क्षेत्रों से संबंधित अभ्यर्थी।*

ii. **शारीरिक परीक्षण**

| शारीरिक गतिविधियाँ | पुरुष | महिला |
|---|---|---|
| दौड़ | 1600 मीटर - 6 मिनट 30 सेकंड में | 800 मीटर - 4 मिनट में |
| लंबी कूद | 3 अवसरों में 3.65 मीटर | 3 अवसरों में 2.70 मीटर |
| चिन-अप्स | न्यूनतम 06 | लागू नहीं |
| पुश-अप्स | न्यूनतम 12 | लागू नहीं |
| सिट-अप्स | न्यूनतम 10 | न्यूनतम 10 |

iii. **व्यक्तित्व मूल्यांकन परीक्षण**

| | |
|---|---|
| **परीक्षा की विधि** | ओएमआर आधारित अथवा कंप्यूटर आधारित वस्तुनिष्ठ बहुविकल्पीय परीक्षा |
| **परीक्षा का माध्यम** | प्रश्न अंग्रेज़ी एवं हिन्दी दोनों भाषाओं में होंगे |
| **प्रश्नों की संख्या** | 100<br>(यह परीक्षण सामान्य बुद्धिमत्ता, मात्रात्मक अभिरुचि, तर्कशक्ति, समस्या समाधान, परिस्थितिजन्य निर्णय आदि विषयों को सम्मिलित करते हुए तैयार किया जाएगा।) |
| **अधिकतम अंक** | 100 अंक<br>(प्रत्येक सही उत्तर हेतु एक अंक दिया जाएगा। गलत उत्तर के लिए कोई ऋणात्मक अंक नहीं होगा।) |
| **परीक्षा का स्तर** | कक्षा 12वीं |
| **समयावधि** | 1 घंटा 30 मिनट |
| यह परीक्षण केवल अर्हकारी (क्वालिफाईंग) प्रकृति का होगा तथा केवल वे अभ्यर्थी उत्तीर्ण माने जाएंगे जो न्यूनतम निर्धारित अंक प्राप्त करेंगे। तथापि, न्यूनतम अर्हक अंक किसी भी स्थिति में 30% से कम न | |

### ख) चरण-II : प्रतिस्पर्धी लिखित परीक्षा

सुरक्षा सहायक पद हेतु कौशल/शारीरिक एवं व्यक्तित्व मूल्यांकन परीक्षण में अर्हता प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों को लिखित परीक्षा/प्रतिस्पर्धी लिखित परीक्षा हेतु आमंत्रित किया जाएगा। प्रतिस्पर्धी लिखित परीक्षा वर्णनात्मक प्रकृति की होगी।

| | | |
|---|---|---|
| **परीक्षा का माध्यम** | प्रश्नपत्र द्विभाषी (अंग्रेज़ी एवं हिन्दी) होगा तथा परीक्षा अंग्रेज़ी अथवा हिन्दी माध्यम में दी जा सकेगी। | |
| **अधिकतम अंक** | बोधगम्यता (Comprehension) | 25 अंक |
| | प्रतिवेदन लेखन (Report Writing) | 25 अंक |
| | सुरक्षा विनियम, अग्निशमन आदि | 25 अंक |
| | सामान्य जागरूकता | 25 अंक |
| | **कुल** | **100 अंक** |
| **परीक्षा का स्तर** | कक्षा 12वीं | |
| **समयावधि** | 2 घंटे | |

अंतिम मेरिट सूची अभ्यर्थियों के प्रतिस्पर्धी लिखित परीक्षा में प्रदर्शन के आधार पर तैयार की जाएगी तथा इसमें केवल वही अभ्यर्थी सम्मिलित होंगे जो प्रतिस्पर्धी लिखित परीक्षा में न्यूनतम अर्हक अंक प्राप्त करेंगे। तथापि, न्यूनतम अर्हक अंक किसी भी स्थिति में 35% से कम नहीं होंगे।

## भारत सरकार के अधीन पदों पर नियुक्ति हेतु आवेदन करने वाले अन्य पिछड़ा वर्ग अभ्यर्थियों द्वारा प्रस्तुत किया जाने वाला प्रमाणपत्र का प्रारूप

यह प्रमाणित किया जाता है कि श्री/श्रीमती/कुमारी ____________________ पुत्र/पुत्री ________________________ ग्राम/नगर ____________________________ जिला/मंडल ___________________________ समुदाय से संबंधित हैं, जिसे भारत सरकार, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के संकल्प संख्या __________________ दिनांक __________________* के अंतर्गत अन्य पिछड़ा वर्ग के रूप में मान्यता प्राप्त है तथा वह/उनका परिवार सामान्यतः _____________________________ जिला/मंडल, ______________________________ राज्य/केंद्र शासित प्रदेश में निवास करता/करते हैं।

यह भी प्रमाणित किया जाता है कि वे भारत सरकार, कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग के कार्यालय ज्ञापन संख्या 36012/22/93-Estt. (SCT) दिनांक 08.09.1993, कार्यालय ज्ञापन संख्या 36033/3/2004-Estt. (Res) दिनांक 09 मार्च, 2004, कार्यालय ज्ञापन संख्या 36033/3/2004-Estt. (Res) दिनांक 14 अक्टूबर, 2008 तथा कार्यालय ज्ञापन संख्या 36033/1/2013-Estt. (Res) दिनांक 27 मई, 2013** में उल्लिखित अनुसूची के स्तंभ-3 में वर्णित व्यक्तियों/वर्गों (क्रीमी लेयर) में सम्मिलित नहीं हैं।

हस्ताक्षर_________________

पदनाम____________________$

दिनांक:

मुहर

---

*- प्रमाणपत्र जारी करने वाले प्राधिकारी को भारत सरकार के उस संकल्प का विवरण उल्लेखित करना होगा, जिसमें अभ्यर्थी की जाति को अन्य पिछड़ा वर्ग (OBC) के रूप में अधिसूचित किया गया है।

**- समय-समय पर संशोधित अनुसार।

$ - अन्य पिछड़ा वर्ग प्रमाणपत्र जारी करने हेतु अधिकृत प्राधिकारियों की सूची वही होगी, जो अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति प्रमाणपत्र जारी करने हेतु अधिकृत हैं।

टिप्पणी : यहाँ प्रयुक्त शब्द "सामान्यतः" (Ordinarily) का वही अर्थ होगा जो जन प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 की धारा 20 में निहित है।

परिशिष्ट-'घ'

**ओबीसी (एनसीएल) अभ्यर्थी द्वारा प्रस्तुत किया जाने वाला घोषणा-पत्र**
**(समुदाय प्रमाणपत्र के अतिरिक्त)**

मैं ________________________________ पुत्र/पुत्री श्री ______________________ निवासी ग्राम/नगर/शहर ____________________ जिला _____________________ राज्य __________________ यह घोषणा करता/करती हूँ कि मैं ______________________ समुदाय से संबंधित हूँ, जिसे भारत सरकार द्वारा कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग के कार्यालय ज्ञापन संख्या 36102/22/93-Estt.(SCT) दिनांक 08-09-1993 में निहित आदेशों के अनुसार सेवाओं में आरक्षण हेतु अन्य पिछड़ा वर्ग के रूप में मान्यता प्रदान की गई है। यह भी घोषित करता/करती हूँ कि मैं उक्त कार्यालय ज्ञापन दिनांक 08-09-1993, कार्यालय ज्ञापन संख्या 36033/3/2004-Estt.(Res.) दिनांक 09 मार्च, 2004 तथा कार्यालय ज्ञापन संख्या 36033/3/2004-Estt.(Res.) दिनांक 14 अक्टूबर, 2008 एवं समय-समय पर संशोधित प्रावधानों के अनुसूची के स्तंभ-3 में वर्णित व्यक्तियों/वर्गों (क्रीमी लेयर) में सम्मिलित नहीं हूँ।

मैं यह भी घोषणा करता/करती हूँ कि मेरे माता-पिता/अभिभावक की स्थिति/वार्षिक आय क्रीमी लेयर हेतु निर्धारित सीमा के भीतर है, जैसा कि आवेदन की अंतिम तिथि को लागू है।

हस्ताक्षर____________________________

पूरा नाम___________________________

पता_____________________________

स्थान: ________________________

दिनांक: _________________________

सीएसआईआर-आईआईआईएम CSIR-IIIM